हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार, 24 जनवरी 2024

13 जजपा की नीतियों को हर घर में पहुंचाएं कार्यकर्ता...



14 युवा पीढ़ी को नेताजी के जीवन से लेनी चाहिए ...



## खबर संक्षेप

### रोजगार कार्यालय में 25 को लगेगा मेला

**चरखी दादरी।** जिला रोजगार कार्यालय द्वारा 25 जनवरी को जिला रोजगार कार्यालय परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी शशि ने बताया कि इस मेले में भाग लेने वाले प्रार्थियो की योग्यता मैट्रिक से स्नातक स्तर तक है। जिसमे आयु सीमा 18 से 50 वर्ष है। उन्होनें बताया कि शिक्षित युवा अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्र व बायोडाटा बनवाकर लाएं। मेला 25 को सुबह 10 बजे शुरू होगा।

### हर्ष फायरिंग के चार आरोपी गिरफ्तार

**चरखी दादरी।** पुलिस ने गांव बलाली में शादी समारोह में फायरिंग के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोशल मीडिया पर फायरिंग की वीडियो वायरल होने के बाद मामला दर्ज किया था। वायरल वीडियो में चार युवक दुनाली बंदूक से फायरिंग करते दिखाई दे रहे थे। आरोपियों की पहचान बलाली निवासी अमित उर्फ बूंदी, रोहित, जिला झज्जर के गांव जटवाड निवासी चन्द्रवेश व इमलोटा निवासी धर्मसिंह रुप में हुई है।

### रक्तदान शिविर एवं मेडिकल कैम्प कल

**भिवानी।** श्रीश्री 1008 पूर्णानन्द गिरी महाराज की 53वीं पुण्यतिथि पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं मेडिकल कैंप 25 जनवरी वीरवार प्रातः साढ़े नौ बजे पंडित खुशीराम जनसेवा ट्रस्ट झरवाई एवं पीके अस्पताल भिवानी के संयुक्त तत्वावधान में ब्लड बैंक चौधरी बंसीलाल सामान्य अस्पताल भिवानी, गुगनराम सोसायटी बोहल, राष्ट्रीय सम्मान संस्था के सहयोग से लगाया जा रहा है। इसके महंत ओंकार गिरी महाराज आशीर्वाद रहेगा।

### आईटीआई भिवानी में रोजगार मेला दो को

**भिवानी।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भिवानी के प्रांगण में दो फरवरी को प्रातरू 10 बजे रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। राजकीय आईटीआई प्रधानाचार्य सुशील कुमार ने बताया कि इस रोजगार मेले में आशीर्वाद पाइप भिवाडी राजस्थान, हनीवेल इंडिया लिमिटेड गुरुग्राम, टाटा मोटर्स पंतनगर उतराखंड भाग लेंगी। इस रोजगार मेले में सभी व्यवसायों के हरियाणा राज्य से आईटीआई पास विद्यार्थी, जिनकी आयु 18 से 27 वर्ष है वे भाग ले सकते हैं।

### टीम ने विद्यालय पहुंचकर जांचा शिक्षा का स्तर

**बवानीखेड़ा।** लोहारी जाटू के राजकीय कन्या मॉडल प्राथमिक पाठशाला में शिक्षा विभाग की राज्य व जिला स्तर की टीम ने पहुंचकर बच्चों का शिक्षा स्तर जांचा। राज्य स्तर ये विपुल कुमार व सरदार सुखविन्द्र सिंह व जिला स्तर से टीम में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी संतोष देवी नागरभारत यादव पहुंचे। बच्चों से सभी सवालों के सटीक जवाब दिए, जिस पर राज्य व जिला स्तर की टीम ने बच्चों व शिक्षकों की जमकर सराहना की।

### मुख्यमंत्री आज ऑन लाइन करेंगे उद्घाटन

**भिवानी।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल 24 जनवरी को ऑन लाइन माध्यम से जिला के तीन गांवों के अमृत सरोवर का उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री जिला फतेहाबाद के गांव डूल्ट से अमृत सरोवर की सौगात देंगे। उपायुक्त नरवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि अमृत सरोवर योजना के तहत तालाबों का जीर्णोंदार व सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है। जिला में जीतवानबास, बहल और चहड़ कला में अमृत सरोवर के तहत कार्य पूरा हो चुका है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल 24 को जिला फतेहाबाद के गांव डुल्ट में आयोजित कार्यक्रम के दौरान भिवानी के तीन तालाबों का उद्घाटन करेंगे।

# मंत्री की वादाखिलाफी के विरोध में गरजे कर्मचारी

## प्राइवेट स्कूल संघ ने उपायुक्त को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**भिवानी।** वादा खिलाफी के विरोध में ज्ञापन सौंपते बिजली निगम के कर्मचारी और मांगों को लेकर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते प्राइवेट स्कूल शिक्षक संघ के सदस्य।



- कर्मचारियों ने 11 केवी फीडरों को फ्रेंचाइजी पर देने का विरोध किया
- कर्मचारियों ने सरकार व बिजली मंत्री के खिलाफ नारेबाजी की
- केंद्र सरकार व हरियाणा सरकार की नीतियों से सभी वर्ग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सर्व कर्मचारी संघ संबंधित ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्करज यूनियन ने आज सर्कल सचिव राजेश सांगवान की अध्यक्षता में हरियाणा के बिजली मंत्री की वायदा खिलाफी के आरोप में धरना दिया और अधीक्षक अभियंता के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भेजा।

इसके साथ ही कर्मचारियों ने 11 केवी फीडरो को फ्रेंचाइजी पर देने का विरोध किया। इस दौरान कर्मचारियों ने भाजपा सरकार व बिजली मंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरने का संचालन राज्य कमेटी सदस्य धर्मबीर भाटी ने किया। आज के धरने में तोशाम बवानीखेड़ा, सिवानी, बहल, लोहारू, ढिगावा, जुइ, झोझू कलां, अटेला कलां, बाढड़ा, सांजरवास, दादरी, सिवानी के सभी कर्मचारियों ने भाग लेकर जमकर नारेबाजी की। धरने को संबोधित करते हुए राज्य उप प्रधान लोकेश ने बताया कि अभी सम्मेलनों का दौर है और अप्रैल के पहले सप्ताह में हरियाणा सरकार के खिलाफ बहुत बड़ा आंदोलन की घोषणा करेंगे इससे पहले 4 फरवरी को सर्व कर्मचारी संघ की रैली में बिजली का तमाम कर्मचारी एनपीएस व बेरोजगारी के खिलाफ बहुत बड़ी रैली होने जा रही है। उसमें भाग लेगा और आज से ही तमाम बिजली का कर्मचारी 16 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में भी जायेगा। सिटी यूनिट प्रधान अशोक गोयत अर्ध शहरी मंडल यूनिट प्रधान नरेश सांगवान ने संयुक्त रूप से कहा कि केंद्र सरकार व हरियाणा सरकार की नीतियों से सभी वर्ग तंग आ चुके हैं पटवारी,पीटीआई, बिजली, रोडवेज, आंगनबाड़, किसान, ट्रान्सपोर्ट, खिलाड़ी सभी हड़ताल पर बैठे हैं। इन सभी सरकारी विभागों के कर्मचारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है। इसलिए सभी कर्मचारी 4 फरवरी की राज्य स्तरीय रैली व 16 फरवरी की हड़ताल में शामिल होंगे। आज के धरने में रविंद्र यादव, मनजीत बेरवाल, अनिल बामला, सुखपाल, सोमबीर, संदीप, पंकज सहित अनेक कर्मचारियों ने भाग लिया। हरियाणा प्राइवेट स्कूल संघ भिवानी के पदाधिकारियों द्वारा डी सी साहब के माध्यम से मुख्यमंत्री मनोहर लाल जी को ज्ञापन दिया गया एजिसमें सभी पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया ।सभी स्कूल साथियों ने कहा कि सरकार द्वारा 2007 से पहले के स्थापित स्कूलो द्वारा बॉन्ड राशि भरने के संबंध में जो पत्र जारी हुआ है उसका सभी पदाधिकारियों द्वारा विरोध किया जाता है और कहा गया कि सरकार द्वारा जारी पत्र के अनुसार 200000 की बॉन्ड राशि लेने का सरकार का फैसला गलत है । सभी ने मांग की कि तुरंत प्रभाव से उपरोक्त राशि भरवाने का फैसला सरकार द्वारा वापस लिया जाना चाहिए। सभी ने कहा कि अगर सरकार इस फैसले को वापिस नहीं लेती है तो प्रदेश स्तर के नेताओं से वार्तालाप करके रणनीति तय होगी।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला प्रधान सतीश तंवर, जिला उप प्रधान दयानंद बाजल, खजांची अजीत शेखावत, आनंद लखेरा, मुकेश सिंह, सुरेंद्र एडवोकेट,मुकेश, बलवान राजेश, सोमनाथ, अमित , राजकुमार ,मोनिका व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बेटी बचाने एवं पढ़ाने को लेकर दिलाई शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

राष्ट्रीय बालिका दिवस की पूर्व संध्या पर मंगलवार को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा तोशाम के पंचायत भवन में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विभाग की तरफ से सार्वजनिक स्थानों पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ स्लोगन के पोस्टर लगाकर आमजन को जागरूक किया। वहीं मौजूद बालिकाओं तथा महिलाओं को शपथ भी दिलाई गई। सुपरवाइजर कुसुम मलिक ने बालिकाओं तथा महिलाओं को बेटी बचाने तथा बेटी पढाने के प्रति जागरूक किया। मलिक ने कहा कि भिवानी जिले का लिंगानुपात 1000 पुरुषों पर 895 महिला है, जिसे लेकर हम सबको मिलकर बेटी बचाने तथा बेटी पढाने के नारे को साकार कर ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक कर बेटियों को बचाना भी है और पढ़ना भी है। इस अवसर पर आंगनवाड़ी वर्कर पिंकी, सुषमा, पूनम, मनजीत, सुदेश आदि मौजूद थी।

## एआईयूटीयूसी प्रदेश कमेटी ने रोडवेज कर्मियों की हड़ताल का किया समर्थन

**भिवानी।** एआईयूटीयूसी प्रदेश कमेटी के सचिव हरिप्रकाश,प्रधान राजेंद्र सिंह व जिला सचिव कामरेड राजकुमार बासिया ने संयुक्त प्रेस ब्यान जारी करके रोडवेज कर्मचारियों की 24 जनवरी की हड़ताल को पूरा समर्थन देने की घोषणा की, उन्होंने रोडवेज कर्मचारियों द्वारा बार-बार सरकार से वार्तालाप के माध्यम से अपने जीवन की समस्याएं व लंबित मांगों को हल करने का आग्रह किया, मगर सरकार ने अनेक बार मांगों पर वादा किया, मगर उन्हें लागू नहीं किया। अंततः हरियाणा रोडवेज के कर्मचारियों में सरकार के खिलाफ भयंकर गुस्सा है। अंततः कर्मचारियों ने अर्जित अवकाश कटौती वापस लेने, परिचालकों, लिपियों,चालकों की वेतनमान रिवाइज करके बढ़ोतरी करने, विभाग में कौशल रोजगार निगम की बजाय सीधे पक्की भर्ती करने, जोखिम भत्ता लागू करने, विभाग में कार्यरत 2016 से चालकों सहित सभी कच्चे, आउटसोसिंर्ग कर्मचारियों को पक्का करने सहित अनेक मांगों को मनवाने को लेकर 24 जनवरी को प्रदेशभर में रोडवेज कर्मचारियों ने एक दिन की सांकेतिक हड़ताल करने का निर्णय लिया।

# गणतंत्र दिवस समारोह की फाइनल रिहर्सल आज

## उपायुक्त नरेश नरवाल करेंगे ध्वजारोहण, भीम खेल परिसर में होगा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- समारोह में शामिल डम्बल लेजियम व पीटी शो में शामिल बच्चों द्वारा निरंतर अभ्यास किया जा रहा है

भीम खेल परिसर में 24 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह की अंतिम रिर्हसल होगी। उपायुक्त नरेश नरवाल प्रातरू दस बजे ध्वजारोहण करेंगे। उल्लेखनीय है कि गणतंत्र दिवस पर 26 जनवरी को भीम खेल परिसर में जिला स्तरीय समारोह आयोजन किया जाएगा। गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां जोरों से चल रही हैं। समारोह में शामिल डम्बल लेजियम व पीटी शो में शामिल बच्चों द्वारा निरंतर अभ्यास किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर परेड की टुकडिय़ों द्वारा भी अभ्यास किया जा रहा है।

नगराधीश हरबीर सिंह ने बताया कि 24 जनवरी को भीम खेल परिसर में गणतंत्र दिवस समारोह की अंतिम रिहर्सल की जाएगी। उपायुक्त नरेश नरवाल अंतिम रिहर्सल में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे तथा प्रातः दस बजे ध्वजारोहण करेंगे। इस दौरान मार्च पास्ट की टुकडिय़ों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को स्लामी दी जाएगी।

### ये स्कूल लेंगे भाग

उन्होंने बताया कि हलवासिया विद्या विहार स्कूल, केएम पब्लिक स्कूल, वैश्य मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेंट जेवीयरज हाई स्कूल, टीआईटी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुती दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, हलवासिया विद्या विहार स्कूल, केएम पब्लिक स्कूल, आर्यन स्कूल, राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक संस्कृति स्कूल, उतमीबाई कन्या स्कूल, पं. सीताराम सी सेकेंडरी स्कूल, टीआईटी सीसे स्कूल पीटी शौ में और वैश्य सीसें स्कूल बैंड में भाग लेंगे। 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा विकास परक झांकियां भी निकाली जाएंगी।

# हड़ताल को विभिन्न संगठनों ने दिया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

**मुख्य मांग**

- कर्मचारियों ने अर्जित अवकाश कटौती वापस लेने, परिचालक, लिपिकों, चालकों की वेतनमान रिवाइज करने की मांग की

एआईयूटीयूसी जिला के सचिव राजकुमार बासिया ने एक संयुक्त प्रेस ब्यान जारी कर हरियाणा रोडवेज कर्मचारियों की 24 जनवरी बुधवार को होने वाली हड़ताल को पूरा समर्थन देने की घोषणा की है। उनका कहना था कि हरियाणा रोडवेज कर्मचारियों द्वारा बार.बार सरकार से वार्तालाप के माध्यम से अपने जीवन की समस्याएं व लंबित मांगों को हल करने का आग्रह किया मगर सरकार ने अनेक बार मांगों पर वायदा किया मगर उन्हें लागू नहीं किया। जिसके परिणामस्वरूप हरियाणा रोडवेज के कर्मचारियों में सरकार के विरूद्ध भयंकर गुस्सा व विरोध पनपता जा रहा है।

अंततः कर्मचारियों ने अर्जित अवकाश कटौती वापस लेने, परिचालक, लिपिकों, चालकों की वेतनमान रिवाइज करके बढ़ोतरी करनेए विभाग में कौशल रोजगार निगम की बजाय सीधे पक्की भर्ती करने, जोखिम भत्ता लागू करने, विभाग में कार्यरत 2016 से चालकों सहित सभी कच्चे, आउटसोसिंर्ग कर्मचारियों को पक्का करने, 1992 से 2004 तक के मध्य लगे कर्मचारियों को नियुक्ति तिथि से पक्का करने, ग्रुप डी कर्मचारियों को कोमन कैलेंडर से बाहर निकालने का वादा पूरा न करने, 8 वर्ष से रोका बोनस भुगतान न करने, किलोमीटर स्कीम वापस न लेने, पुरानी पेंशन स्कीम बहाल करके नई पेंशन स्कीम रद्द न करने, चालकों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 में कर्मचारी विरोधी प्रावधान लागू करने के खिलाफ तथा समय.समय पर कर्मचारियों से किए वादे लागू न करने के परिणामस्वरूप हरियाणा रोडवेज कर्मचारियों में जबरदस्त रोष पनपता जा रहा था। जिसका परिणाम है कि 24 जनवरी बुधवार को प्रदेशभर में रोडवेज कर्मचारियों ने एक दिन की सांकेतिक हड़ताल करने का निर्णय लिया है। जिसका समर्थन करते हुए एआईयूटीयूसी हरियाणा जिला कमेटी ने सरकार के इस रवैये की कड़ी निंदा करते हुए मांग की है कि कर्मचरियों की ज्वलंत समस्याओं और मांगों को तुरंत पूरा किया जाए। उनसे तुरंत बातचीत की जाए और समस्या का समाधान किया जाए। हरियाणा प्रदेश कमेटी ने कर्मचारियों की हड़ताल को पूर्ण समर्थन देने का आह्वान किया है।

# समाज और राष्ट्र की धरोहर हैं बेटियां :एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम




एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने कहा है कि बेटियां समाज और राष्ट्र की धरोहर हैं। ग्रामीण अंचल की बेटियों को अभिभावक निःसंकोच होकर उच्च शिक्षा दिलाएं। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, हर किसी की प्राथमिकता में होना चाहिए। हमें अपनी बेटियों पर बेटों की तरह गर्व होना चाहिए।

एसडीएम महिला एवं बाल विकास द्वारा बालिका दिवस पर सप्ताहभर चलाए गए जागरूकता अभियान के तहत गांव बिजलानावास में स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में उपस्थित ग्रामीणों से संवाद कर रहे थे। एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने कहा कि बेटियां बेटों से किसी भी क्षेत्र में कम नहीं है। बेटों के समान जो मां.बाप अपनी बेटियों की परवरिश करते हैंए वे बेटियां परिवार का नाम रोशन कराने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ती। उन्होंने कहा कि घरों में बच्चों को ऐसी प्रेरणा दें कि वे बेटा. बेटी में कोई भेद ना समझें।

मां बाप भी बेटियों को बेटों के समान परवरिश देकर उन्हें सफलता की ऊंचाइयों पर पहुंचाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ.बेटी पढ़ाओ अभियान व बच्चियों की सुरक्षा के लिए सरकार पूर्णरूप से गंभीर है। हमें बच्चियों के जन्म दिवस पर लड़कों की तरह ही कुंआ पूजन कर पूरे हर्ष उल्लास के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा बच्चियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

## सीजेएम ने राठी ने न्यायिक परिसर भिवानी और तोशाम का किया दौरा

**भिवानी।** जिला जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव कम सीजेएम कपिल राठी ने न्यायिक परिसर सिवानी, तोशाम, लोहारू का दौरा कर पैनल अधिवक्ता मध्यस्थो और पैरा लीगल वॉलिंटियर्स की बैठक ली। इन अलग अलग बैठकों में तोशाम सिवानी और लोहारू उप मंडल कानूनी सेवाएं समिति के अध्यक्षों एवं एसडीजेएम सीनियर डिवीजन जजों की उपस्थिति में सीजेएम राठी ने उपमंडल विधिक सेवा समिति के कार्योर् की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कानूनी सहायता और उनकी सेवाओं के बारे में विशेष रूप से जनता को जागरूक किया जाए,ताकि जनता कानून की सहायता का लाभ उठा सके। हमें समाज के गरीब और कमजोर वार्गों को सहायता करनी चाहिए।

# मुंबई में हुई मैराथन में श्रीपाल यादव ने नया कीर्तिमान बनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी




- 42.195 किलोमीटर की मैराथन को श्रीपाल यादव ने 5 घंटे, 29 मिनट 1 सेकेंड में पूरा किया

टीसीएस द्वारा मुंबई में करवाई गई मैराथन में 60 हजार लोगों ने हिस्सा लिया, ये मैराथन 42.195 किलोमीटर की थी, जिसमें सेक्टर-23 निवासी श्रीपाल यादव ने 5 घंटे, 29 मिनट 1 सेकेंड में पूरा कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। गौरतलब हैं कि श्रीपाल ने गत वर्ष 20 फरवरी 2023 में भी फ्रोजन पेंगुइन लेक लद्धाख में हुई मैराथन में हिस्सा लिया था। मैराथन का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज हुआ।

इस प्रकार वर्ष भर में अनेक मैराथन पूरी कर उन्होंने देश भिवानी का नाम रोशन किया है। उनकी उपलब्धि पर सेक्टरवासियों व उसके पैतृक गांव पैंतावास खुर्दवासियों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


## डीसी के निर्देश पर चलाया जा रहा अवैध निर्माण हटाओ अभियान

# भिवानी-लोहारू रोड पर छह अवैध निर्माण किए सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** मंगलवार को अवैध निर्माण और अवैध दुकानों को सील करते हुए। फोटो : हरिभूमि



उपायुक्त नरेश नरवाल के निर्देशानुसार अवैध निर्माण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है। इसी के चलते भिवानी.लोहारू रोड़ पर छह अवैध निर्माण को सील किया गया है। डीटीपी विभाग के इस तरह के अभियान के बाद लोगों में हड़कम्प मच गया।

हालांकि जिस वक्त इन निर्माण व अवैध दुकानों को सील किया गया उस वक्त किसी ने विरोध नहीं किया,लेकिन इन दुकानों की सील को लेकर लोगों में चर्चा बनी हुई है। जिला योजनाकार नीलम शर्मा ने ये जानकारी देते हुए बताया कि अवैध निर्माण करना गैर कानूनी कार्य है और इसकी इजाजत किसी को नहीं है। अवैध निर्माण गिराने की कार्रवाई के दौरान विभाग ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे शहर में कहीं भी सरकारी जमीन पर किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण न करें और अवैध कॉलोनी काटने वाले प्रोपर्टी डीलरों के बहकावे में न आएं। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा अवैध निर्माण की जानकारी जुटाई जा रही है। उन्होंने बताया कि अवैध निर्माण पर कार्यवाही करते हुए जिला भिवानी के नियंत्रित क्षेत्र में मौजा देवसर में भिवानी.लोहरू रोड़ पर छह अवैध निर्माण को सील किया गया है। इनमें चार दुकान, एक शौरूम व एक अन्य अवैध निर्माण को सील किया गया है। ये दुकान व चारदिवारी अवैध रूप से बनाई गई थी और उक्त जमीन भी सरकारी बताई जा रही है। आए दिन प्रोपर्टी डीलर खेतों की जमीन व उसके साथ लगती सरकारी जमीन पर प्लाट काट देते है। भोले.भाले लोगों जमीन के बारे में कतई ज्ञान नहीं होता। जिसकी वजह से वे उनके झांसे में आ जाते है और वे उनसे प्लाट आदि खरीद लेते है। जो कि बाद में उनको न तो प्लाट मिलता और न ही ओर कुछ।

# बोली में 1111 नंबर 10 लाख 50 हजार में छूटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भिवानी वाहन आर्थोरिटी द्वारा वीआईपी नंबरों की बोली लगाई गई, जिसमें आओ.पहले पाओ के आधार पर 1111 नंबर 10 लाख 50 हजार रूपए में छूटा। बोलीदाताओं को एसडीएम दीपक बाबू लाल करवा ने नंबरों के साथ शुभकामनाएं दी।

एसडीएम दीपक बाबूलाल करवा आईएएस ने बताया कि नीलामी की शुरूआत पहले आओ.पहले पाओ के आधार पर की गई है। नीलामी के दौरान वाहन मालिकों ने वीआईपी नंबरों में विशेष रुचि दिखाई। इसी के चलते भिवानी वाहन अर्थॉरिटी को लाखों रुपये की आय हुई है। उन्होंने बताया कि 1111 नंबर की बोली 10 लाख 50 हजार रुपये में हुई है। इसके अलावा अर्थॉरिटी को नौ लाख 60 हजार की आमदनी हुई। नंबरों में एचआर.16 एसी के 0107, 0111, 0120, 0123, 0222, 1000, 1008, 1111, 1200, 1616, 2100, 2222, 5555, 6666, 7000, 7700, 7777, 8888, 9700 और 9999 की नीलामी की गई। करवा ने सभी वाहन मालिकों को नंबर के साथ शुभकामनाएं देते हुए बताया कि अगली नीलामी 31 जनवरी 2024 को सरल केंद्र में होगी।

## खबर संक्षेप

### 34 भारी वाहनों के किए चालान

**अंबाला।** गलत लेन में वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई निरंतर जारी है। मंगलवार का पुलिस ने नियम तोड़ने वाले 34 भारी वाहनों के चालान किए। अब तक बीते 615 दिनों में पुलिस 30,068 भारी वाहनों के चालान कर चुकी है। ऐसे वाहन चालकों की लापरवाही से हादसों में इजाफा हो रहा है। इसी वजह से अब पुलिस भारी वाहनों चालकों पर शिकंजा कस रही है।

### नशा तस्करी में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** सीआईए-1 ने चूरापोस्त तस्करी में आरोपी सुनील को प्रोडक्शन वारंट के जरिए काबू किया है । उसके कब्जे से पुलिस ने 2 क्विंटल 37 किलोग्राम डोडा चूरापोस्त जब्त किया था। पुलिस ने अब आरोपी को 7 दिन के रिमांड पर लिया है। इस मामले में पहले एक आरोपी गिरफ्तार हो चुका है। आरोपी ने पूछताछ के दौरान बतलाया कि सुनील भी इस मामले में संलिप्त है। 12 जनवरी 2024 को पुलिस ने सूचना के आधार पर भारी मात्रा में चूरापोस्त जब्त किया था। था।

### वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार

**अंबाला ।** थाना बलदेव नगर में दर्ज मामले में वांछित आरोपी पार्थ कुमार को काबू किया है। अदालत ने आरोपी को पीओ घोषित किया था। दरअसल आरोपी पहले दर्ज केस की सुनवाई में शामिल नहीं हो रहा था। इसी वजह से उसे पीओ घोषित किया था। अब अदालत ने आरोपी को जेल भेजने के आदेश जारी कर दिए हैं।

### विवाहिता को घर से निकाला, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत की गोपाल कालोनी निवासी विवाहिता की शिकायत पर थाना पुराना औद्योगिक पुलिस ने उसके पति बिंद्र व सास सुरेश निवासी गांव पसीना कलां जिला पानीपत के खिलाफ दहेज एक्ट, मारपीट आदि आरोपों में केस दर्ज करवाया है। विवाहिता का आरोप है कि पति व सास ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पाकिस्तान जाने वाले श्रद्धालुओं से आवेदन मांगें

**पानीपत।** गुरु अर्जुन देव के शहीदी दिवस और महाराजा रणजीत सिंह की पुण्यतिथि पर जून में पाकिस्तान में स्थित गुरुद्वारा में जाने के लिए भारतीय श्रद्धालुओं/जत्थों से भारत सरकार द्वारा आवेदन मांगे गए हैं। आवेदनकर्ता राज्य सरकार को इसके लिए आगामी 15 अप्रैल तक राज्य सरकार द्वारा जारी प्रोफार्मा भरकर आवेदन कर सकते हैं।

### कष्ट निवारण समिति की बैठक 31 को

**यमुनानगर।** जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक 31 जनवरी को आयोजित की जाएगी। जिसकी अध्यक्षता हरियाणा की महिला एवं बाल विकास विभाग की मंत्री कमलेश ढ़ांडा करेंगी। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि जिला कष्ट निवारण समिती की बैठक सुबर साढ़े 11 बजे होगी। जिसमें हरियाणा की महिला एवं बाल विकास विभाग की मंत्री कमलेश ढांडा परिवादों की सुनवाई करेंगी। उन्होंने समिति सदस्यों व अधिकारियों को समय पर बैठक में पहुंचने के लिए आहवान किया है।

# कड़ाके की ठंड का कहर जारी, जनजीवन बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

मौसम में बनी पिछले एक महीने से कड़ाके का ठंड का कहर जिले में बादस्तूर जारी है। मंगलवार को भी दिन भर आसमान में धुंध के बादल छाए रहे और सुबह के वक्त घना कोहरा छाए रहने व शीतलहर चलने से लोग घरों में दुबके रहे। वहीं, दोपहर तक वाहनों की रफ्तार धीमी रही और तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई।

- सुबह घना कोहरा छाए रहने से वाहनों की रफ्तार रही कम

मंगलवार को तड़के तीन बजे से ही जिले में शीतलहर और घना कोहरा का प्रकोप बढ़ने लगा था। आलम यह था कि सड़कों पर सुबह दस बजे तक घना कोहरा छाया रहा। जिसमें लोगों को चार फुट की दूरी पर भी वाहन व अन्य कोई वस्तू दिखाई नहीं दी। वाहन चालक लाइटें जलाकर सड़कों से गुजरने पर मजबूर थे। सुबह करीब ग्यारह बजे के बाद घना कोहरा तो कम हो गया। मगर दिन भर आसमान में धुंध के बादल छाए रहे और शीतलहर चलती रही। जिससे लोगों के कामधंधे प्रभावित रहे।


यमुनानगर। मंगलवार को घने कोहरे में सड़कों पर लाइटें जलाकर गंतव्य पर पहुंचते वाहन ।

### महीने भर से नहीं खिली अच्छी धूप

मॉडल टाऊन निवासी कमल, अमित सैनी, विशाल व संजय का कहना है कि इस बार पिछले एक महीने से अब तक एक भी दिन अच्छी धूप नहीं खिली है। गत 26 दिसंबर से लेकर अब तक आसमान में जहां रोजाना धुंध के बादल छाए रहते हैं, वहीं, सुबह के वक्त घना कोहरा व शीतलहर ने लोगों का जीना हराम कर रखा है। लोग ठंड में ठिठूरते हुए अपने काम धंधे निपटाने को मजबूर हैं।

### तापमान में आई गिरावट

जिले में मंगलवार को घना कोहरा छाए रहने व शीतलहर चलने से तापमान गिरकर अधिकतम 14 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 5 डिग्री सेल्सियस रह गया। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो अगले दो तीन दिन तक तापमान में गिरावट होने की संभावना है।

## ठंड का सितम जारी, अलाव का लोग ले रहे सहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला में मंगलवार को भी ठंड का सितम जारी रहा। शीतलहर के कारण हर कोई ठंड से बचने के उपाय ढूंढता दिखाई दिया। ठंड से बचने के लिए ज्यादातर दुकानदारों ने अलावा जलाया। शीतलहर बेजुबान पशुओं पर भी भारी पड़ रही है। सड़कों पर घूम रहे गोवंश के लिए यह ठंड खतरा साबित हो सकती है। धूप न निकलने से सर्दी बढ़ गई है। कड़ाके की ठंड से हर कोई परेशान है। दिन के समय शीतलहर चलने के कारण ठंड अधिक हो रही है। मंगलवार को सुबह के समय हल्की धुंध थी। बाद में कोहरा छंट गया। बादल छाने के कारण दिनभर धूप नहीं निकली। सुबह से लेकर शाम तक ठंडी हवा चलने के कारण अधिकतर लोग अपने घरों के अंदर ही दुबके रहे। ठंड के चलते जन जीवन प्रभावित हो रहा है। सडकों के किनारे कई स्थानों पर लोग अलाव से हाथ सेंककर ठंड से बचाव करते नजर आए।

- शीतलहर बेजुबान पशुओं पर भी भारी पड़ रही


कुरुक्षेत्र। सुबह आसमान में छाई धुंध व अपने गंतव्य की ओर जाते वाहन चालक।

### सब्जियों को नुकसान होने की संभावना

किसानों का कहना है कि एक बार फिर से ठंडक बढ़ गई है। जिससे सब्जियों में थोड़ी गलन बढ़ने लगी है। यदि कई दिनों तक धूप नहीं निकली तो सब्जियों को नुकसान होने की संभावना है। वही सर्दी के चलते खांसी, जुकाम व सामान्य बुखार के मरीज बढ़ने लगे है। अधिकतम तापमान 13 व न्यूनतम तापमान 5 डिग्री दर्ज किया गया है। धुंध व शीत हवाओं के चलने से ठंड बढ़ गई है। ठंड के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर छोटे-छोटे बच्चों के लिए ठंड में स्कूल तक का सफर करने में बच्चे ठिठुरते नजर आए। लोगों को कहना है कि ठंड के कारण जीना मुश्किल हो गया है। वहीं नगर के पार्को व बाजारों से रौनक घट गई है। बाजारों में इक्का-दुक्का लोग ही खरीदारी को लेकर आ रहे हैं। वहीं पार्क खाली-खाली से नजर आ रहे हैं। ठंड के कारण लोगों को घरों में दुबकने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। शीत हवाओं व धुंध के कारण लोगों को सफर करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# मुख्यमंत्री आठ फरवरी को अयोध्या जाएंगे

## चंडीगढ़ से जन शताब्दी एक्सप्रेस के माध्यम से पानीपत पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

मुख्यमंत्री मनोहरलाल मंगलवार को चंडीगढ़ से जन शताब्दी एक्सप्रेस के माध्यम से पानीपत पहुंचे। पानीपत स्टेशन पर पहुंचने पर जिला प्रशासन की ओर से उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने मुख्यमंत्री का बुके देकर स्वागत किया। भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने भी पानीपत के रेलवे स्टेशन पर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री मनोहरलाल पानीपत सड़क के माध्यम से रोहतक के लिए रवाना हुए। इससे पहले मुख्यमंत्री लाल रेलवे के गेस्ट हाउस में पहुंचे और वहां जलपान किया। मीडिया से संक्षिप्त बातचीत में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि आठ फरवरी को वे अध्योध्या में श्री रामलला के दर्शन करने जाएंगे।

- सीएम मनोहरलाल पानीपत सड़क के माध्यम से रोहतक के लिए रवाना हुए


पानीपत रेलवे स्टेशन पर पहुंचे मुख्यमंत्री मनोहर लाल, साथ में भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट। फोटो : हरिभूमि

# रोडवेज कर्मी मांगों को लेकर आज करेंगे चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चे के आह्वान पर 24 जनवरी की सांकेतिक हड़ताल की तैयारी के लिए वर्कशॉप गेट पर बैठक की गई। राज्य मोर्चा सदस्य जयबीर घणघस, इंद्र सिंह बधाना, कृष्ण न्यारा,माया राम ने कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि सांझे मोर्चे प्रतिनिधिमंडल की परिवहन मंत्री व उच्च अधिकारियो के साथ 11 जनवरी, 10 मार्च, 23 जून व 13 दिसम्बर को चार दौर की बातचीत हो चुकी हैं। सरकार कर्मचारियों की मांगों को जायज मानती हैं जिन्हें शीघ्र लागू करने का आश्वासन देती रही हैं परंतु मानी गई मांगो के परिपत्र जारी नही कर रही हैं। जिससे कर्मचारियों में सरकार की कार्यशैली व वादाखिलाफी के खिलाफ रोष हैं। सरकार मानी गई मांगों को लागू न करके कर्मचारियों को हड़ताल जैसे आंदोलन करने को मजबूर कर रही हैं। सरकार समय रहते मानी गई मांगों के परिपत्र जारी करे अन्यथा सांझा मोर्चा सांकेतिक हड़ताल आगे बढ़ने पर विवश होगा। सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार समय रहते मानी गई मांगो के परिपत्र जारी करे अन्यथा सांकेतिक को आगे भी बढ़ाया जा सकता हैं।

- मानी गई मांगों का परिपत्र जारी नहीं करने पर आदोलन की चेतावनी


कुरुक्षेत्र। रोडवेज कर्मियों को संबोधित करते यूनियन नेता। फोटो : हरिभूमि

**ये है मांगें:** मुख्य मांगों में हिट एंड रन भारतीय न्याय सहिता काले कानून को तुरंत वापिस लिया जाए, 265 मार्गो पर असिमत परमिट पॉलिसी को वापिस लेकर रोडवेज बेड़े में नई बसे खरीदी जाए,परिचालक,चालक, लिपिकों की वेतन विसंगति दूर की जाए,देय अवकाश कटौती पत्र वापिस लिया जाए,बसों के मरमत कार्य कम्पनी को न दिया जाए, 2016 में भर्ती हुए चालको सहित दादरी डिपो के 52 हेल्परो को पॉलिसी बना कर पक्का किया जाए,2002 में भर्ती हुए चालको को नियुक्ति से पक्का करके इन्हें पुरानी पेंशन योजना में शामिल किया जाए,28/10/2005 से पहले भर्ती प्रकिया के तहत भर्ती होने वाले कर्मचारियों को सरकार के आदेशों अनुसार पुरानी पेंशन योजना में शामिल किया जाए, ग्रुप डी के कर्मचारियों को कॉमन कडर से बहार करके तकनीकी पदों पर प्रमोशन की जाए, बकाया कई वर्षों के बोनस का भुगतान किया जाए,तकनीकि वेतनमान से वंचित कर्मचारियों को तकनीकी वेतन मान दिया जाए।

## सूने घर से 90 हजार की नकदी समेत आभूषण चोरी

यमुनानगर। शहर की कुलदीप नगर कॉलोनी से चोरों ने सूने घर का ताला तोड़कर 90 हजार रुपये की नकदी तथा लाखों रुपये के सोने व चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। घटना के समय परिवार के सदस्य वैष्णो देवी माथा टेकने के लिए गए हुए थे। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रविकांत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह घर पर ही ज्वैलरी बनाने का काम करता है। 19 जनवरी को वह घर का ताला लगाकर परिवार के साथ वैष्णो देवी मंदिर में माथा टेकने के लिए गया था। वह वह देर शाम वापस लौटे तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। घर में रखी दो अलमारियों के ताले व लॉकर टूटे हुए थे। जांच करने पर अलमारी में रखी दो सोने की चेन, एक जोड़ी झुमकी, चार जोड़ी टोपस, सोने की चार अंगूठियां, एक मंगलसूत्र, एक पैंडल, आठ जोड़ी पायल, 90 हजार रुपये तथा चांदी की स्क्रैप गायब मिली। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# प्रतिबंधित डेढ़ लाख टैबलेट के साथ युवक काबू

- आरोपी दो साथियों के साथ मिलकर करता था प्रतिबंधित दवाइयों का धंधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने शहर की बैंक कॉलोनी से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से प्रतिबंधित करीब डेढ़ लाख टेबलेट बरामद की है। आरोपी अपने दो साथियों के साथ मिलकर प्रतिबंधित दवाईयों का धंधा करता था। जानकारी के अनुसार सेल के इंचार्ज बलराज सिंह ने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली थी कि बैंक कालोनी में किराये के मकान में रह रहे युवक नशे में प्रयोग होने वाली प्रतिबंधित दवाइयों की सप्लाई करते हैं। इस सूचना पर टीम ने छापेमारी की। मकान से हिमांशु को पकड़ा गया। वहां से डेढ़ लाख टेबलेट बरामद हुई। पूछताछ में पता लगा कि आरोपी अपने साथी लालद्वारा निवासी साहिल व अंबाला निवासी प्रशांत के साथ मिलकर नशे का अवैध रूप से धंधा कर रहा था। वह तीनों एक मकान में रहते हैं।



यमुनानगर की एंटी नारकोटिक्स सेल द्वारा पकड़ा गया आरोपी युवक ।

### नशातस्करों पर की जा रही है लगातार कार्रवाई



एएसपी हिमांद्री कौशिक ने बताया कि नशा तस्करी करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। दो दिन में लगभग तीन लाख प्रतिबंधित दवाइयों के साथ आरोपितों को पकड़ा जा चुका है। इन दवाईयों की कीमत लगभग 15 लाख है। पकड़े गए आरोपित से पूछताछ की जा रही है कि वह कहां से टेबलेट लेकर आते थे। आरोपी के साथियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## कपड़ा बेचने के बहाने से घर पर आए दो लोगों ने उड़ाए 25 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ किया केस दर्ज

गांव तेजली निवासी सुंदर नगर फेस टू से घर पर कपड़ा बेचने के बहाने से आए दो लोगों ने 25 हजार रुपये चोरी कर लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसा सुंदर नगर निवासी सिकंद्र खान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 20 जनवरी को उसके पत्नी जिन्नत खातुन घर पर अकेली थी। इस दौरान दो लोग कपड़ा बेचने के लिए उसके घर पर आए। आरोपी उसकी पत्नी को कपड़ा खरीदने के लिए कहने लगे। उसकी पत्नी ने आरोपियों को कपड़ा खरीदने से मना कर दिया और पड़ोस में चली गई। कुछ देर बाद जब उसकी पत्नी वापस आई तो घर में रखी पेटी खुली पड़ी थी। जांच करने पर पेटी में रखे 25 हजार रुपये गायब थे। उसकी पत्नी ने उसे फोन कर घटना के बारे में बताया। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### नेता जी सुभाष चंद्र बोस के जीवन से प्रेरणा लें छात्र

**अंबाला।** अंबाला शहर के डीएवी कॉलेज (लाहौर) में मंगलवार को नेता जी सुभाष चंद्र बोस की 128 वीं जयंती (पराक्रम दिवस) पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह आयोजन इतिहास विभाग द्वारा करवाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर राजीव महाजन ने विद्यार्थियों को सुभाष चंद्र बोस के जीवन से सीख लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. चांद सिंह ने नेता जी सुभाष चंद्र बोस के जीवन, विचार एवं राष्ट्र के लिए किए गए कार्यों का विस्तृत उल्लेख किया एवं साथ ही आजाद हिंद फौज द्वारा दिए गए बलिदानों का भी वर्णन किया।

**सुगम होगा मार्ग** | **पानीपत से छाजपुर रोड होगी चार लेन, एचएसआरडीसी निर्माण करेगा**

## खस्ता हालत में पड़े मार्ग का होगा कालाकल्प

# सीएम आज वर्चुअल शुभारंभ करेंगे, 75 करोड़ आएगी लागत, सनौली रोड पर सुधरेगी ट्रैफिक व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत शहर के सबसे व्यस्ततम मार्ग सनौली रोड की कागजी कार्यवाही पूर्ण होने के बाद लगभग 75 करोड़ की लागत से निर्माण कार्य कराया जाएगा। वही मुख्यमंत्री मनोहर लाल, सांसद संजय भाटिया और विधायक प्रमोद कुमार विज के ड्रीम प्रोजेक्ट सनौली रोड के निर्माण कार्य का शुभारंभ वर्चुअल माध्यम से करेंगे। लम्बे समय से खस्ता हालत में पड़े इस मार्ग का निर्माण कार्य मुख्यमंत्री मनोहर लाल के शिलान्यास करने के उपरांत चालू किया जाएगा। एचएसआरडीसी फोर लेनिंग का काम करेगा। वही 75 करोड़ की लागत से होने जा रहे इस राज मार्ग का लाभ शहर वासियों को तो मिलेगा ही साथ में उत्तर प्रदेश, हरिद्वार व उत्तराखंड के अन्य शहरों में जाने वाले लोगों को एक सुगम मार्ग मिलेगा।

- उत्तर प्रदेश, हरिद्वार व उत्तराखंड के अन्य शहरों में जाने वाले लोगों को एक सुगम मार्ग मिलेगा


पानीपत। मुख्यमंत्री मनोहर के साथ विधायक प्रमोद विज का फाइल फोटो।

### व्यापारियों के व्यापार में सुधार आएगा

मार्ग के बन जाने से शहरवासियों को आवागमन में आसानी होगी एवं समय की बचत होगी। वहीं इस मार्ग पर निर्भर व्यापारियों का व्यापार सड़क टूटी होने से प्रभावित था, अब मार्ग के बन जाने से व्यापारियों के व्यापार में भी सुधार आएगा। विधायक प्रमोद विज ने बताया कि पानीपत के वंदेमातरम चौक से गांव कुराड़ तक 11 किलोमीटर राजमार्ग बनेगा। इस राजमार्ग के बनने से आवागमन और अधिक आसान हो जाएगा और सनौली मार्ग जाम मुक्त हो जाएगा। सडक के निर्माण कार्य के पश्चात मार्ग के सौंदर्यीकरण के लिए फैंसी लाइट्स लगाई जाएगी और पौधे रोपे जाएंगे।

# बिजली मंत्री की वादाखिलाफी के विरोध में कर्मियों ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

ऑल हरियाणा पॉवर कार्पोरेशन वर्कर यूनियन की राज्य कमेटी के आह्वान पर राजीव गांधी विद्युत सदन सेक्टर 12 में बिजली मंत्री की वादाखिलाफी के विरोध में धरना देकर अधीक्षक अभियंता के माध्यम से बिजली मंत्री के नाम ज्ञापन भेजा गया। धरने की अध्यक्षता सर्कल सचिव विशाल बनवाला ने की और संचालन सर्कल सचिव राजेंद्र राणा ने किया। सर्कल चेयरमैन एनपी सिंह चौहान व सर्कल सचिव राजेंद्र राणा और विशाल बनवाला ने कहा कि 10 अक्तूबर 2023 को बिजली मंत्री के साथ यूनियन की वार्ता हुई थी। बिजली मंत्री ने कई मांगों पर सहमति प्रकट करते हुए लागू करने की बात कही थी। खेद का विषय है कि कोई भी मांग धरातल पर लागू नहीं हुई। यदि सरकार ने समय रहते कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं किया तो आने वाली चार फरवरी को सर्व कर्मचार संघ की आक्रोश रैली में बिजली के सभी कच्चे व पक्के कर्मचारी भाग लेंगे। इस अवसर पर प्रधान यूनिट नंबर एक नरेश मेहला, सचिव यूनिट नंबर दो जय कुमार, असंध यूनिट प्रधान महेंद्र पाल, सिटी यूनिट प्रधान अजीत सैनी, सचिव रमेश शर्मा, संजीव मलिक, शंटी कांबोज, कमलजीत, सुरेंद्र कांबोज, मांगेराम, गुरविंद्रं सिंह, रामतेज, विनोद, रोहित पुनिया, महाबीर सिंह, डिंपल, पवन, मनोहर लाल, संदीप शर्मा आदि मौजूद रहे।


धरनार्थियों को संबोधित करते वक्ता। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### सांसद के पिता भलेराम का किया अंतिम संस्कार

**भिवानी।** भिवानी.महेन्द्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद धर्मबीर सिंह के पिता चौ. भलेराम का उनके पैतृक गांव तालू में मंगलवार को गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। उनके बड़े बेटे अतर सिंह ने अपने पिता को मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार में सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव, हिसार से सांसद बृजेन्द्र सिंह, विधायक घनश्याम सर्राफ, भाजपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य शंकर धूपड़, भाजपा जिला अध्यक्ष मुकेश गौड़ सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल रहे।

### रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की मनाई खुशियां

**भिवानी।** भगवान राम प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था द्वारा कोंट रोड मिनी बाईपास पर नवनिर्मित दक्षिण काली नवदुर्गा मंदिर में भजन-सत्संग का आयोजन किया गया। इस मौके पर अनेक श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया तथा भगवान राम की स्तुति की। भजन-सत्संग के दौरान श्रद्धालु भगवान के भजनों पर जमकर झूमे।

### प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सजा बवानी खेड़ा

**बवानीखेड़ा।** अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बवानी खेड़ा विवाह की भांति सज गया। हर घर की छतों मंडेरो मुख्य द्वारों पर दीपक जलाए गए वहीं शहीद गुलाब सिंह पार्क को भी दियों से सजाया गया।

### 108 दीप जला मनाया प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

**भिवानी।** अयोध्या में भगवान श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान स्थानीय बावड़ी गेट स्थित ठठेरा मंदिर में 108 दीप जलाकर महोत्सव को बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। यह जानकारी देते हुए एडवोकेट रवि वर्मा ने बताया कि महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया भगवान श्रीराम के जयकारों के साथ प्रसाद ग्रहण कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### कलाकार हरीश के निधन पर जताया शोक

**भिवानी।** गत दिवस श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान छोटी कांशी भिवानी के जवाहर चौक पर पर आयोजित रामलीला मंचन के दौरान रामभक्त हनुमान का किरदार निभाने वाले कलाकार हरीश का प्रस्तुति के दौरान निधन हो गया था, उनके निधन पर मंगलवार को नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था, बनारसीनाथ रामलीला कमेटी कोंट रोड, नवयुवक कला संगम, न्यू वासिकी नाथ रामलीला कमेटी सहित विभिन्न संगठन के पदाधिकारियों ने भारत नगर स्थित उनके निवास स्थान पर जाकर शोक जताया ।

### 2100 दीपों की रोशनी से जगमगाया मंदिर

**भिवानी।** रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में स्थानीय हनुमान ढ़ाणी स्थित हनुमान जोहड़ी मंदिर धाम में युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट द्वारा तथा बालयोगी महंत चरणदास के सान्निध्य दीपोत्सव मनाया गया। इस दौरान रामलला प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में 2100 दीप प्रज्जवलित किए। इस दौरान रंग.बिरंगी लाईटों व दीपों की रोशनी के बीच मंदिर की भव्यता देखते ही बन रही थी।

### दीवाली-सा माहोल मंदिरों में यज्ञ का आयोजन

**लोहारू।** अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लोहारू शहहर के लोगों में खासा उत्साह दिखाई दिया। शहर के मंदिरों में कहीं यज्ञ का आयोजन किया गया तो कहीं भजनों से भगवान श्रीराम की महिमा का गुणमान किया गया। वहीं शहर के अनाजमंडी स्थित हनुमान मंदिर में भक्तों ने 11 हजार दीपक प्रज्ज्वलित कर दीवाली-सा माहौल तैयार कर दिया। कस्बे के उजाडिया मंदिर में स्क्रीन लगाकर अयोध्या का लाइव प्रसारण किया गया और सुंदर कांड का संगीतमय पाठ किया गया। श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर में मंदिर कमेटी द्वारा यज्ञ का आयोजन किया गया। श्रीगोपाल मंदिर मुख्य पंचायती मंदिर और पौराणिक शिखर बंद मंदिर में दीपक जलाए।

## जजपा पदाधिकारियों ने की बैठक

# जजपा की नीतियों को हर घर में पहुंचाएं कार्यकर्ता : बागनवाला

### जजपा जिला अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को मेहनत एवं आत्मविश्वास के साथ काम करने के दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी



भिवानी। देवीलाल सदन में एकत्रित पदाधिकारियों को संबोधित करते जिला अध्यक्ष जोगेंद्र बागनवालाद्ध।

आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कार्यकर्ताओं को जरूरी दिशा निर्देश देते हुए उद्देश्य से मंगलवार को रोहतक गेट स्थित देवीलाल सदन में जननायक जनता पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान जजपा जिला अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह बागनवाला ने पार्टी पदाधिकारियों को मेहनत एवं आत्मविश्वास के साथ काम करने तथा पार्टी के कार्यक्त्रमों को सफल बनाने के लिए महत्वपूर्ण टिप्स दिए। साथ ही उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों को बूथ स्तर पर पार्टी मजबूत करने के मूलमंत्र देने के साथ बूथ लेवल एजेंट बीएलए बूथ योद्धा, बूथ सखी जैसे कार्यक्रमों को तेजी के साथ पूरा करने के दिशा.निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के पुत्री होने पर मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की। इस मौके पर जजपा जिला प्रधान जोगेंद्र सिंह बागनवाला ने कहा कि मेहनती कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के बलबूते पर ही संगठन को कम समय में अधिक मजबूती मिल सकती है तथा आज जजपा कार्यकर्ताओं की मेहतन की बदौलत ही सत्ता में है तथा पूर्व उपप्रधानमंत्री स्व. चौ. देवीलाल के आमजन के उत्थान की सोच को पंख देने में सक्षम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि वे उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की नीतियों एवं उनके द्वारा किए गए आमजन के हित के कार्योंर् को हर घर में हर व्यक्ति तक पहुंचाएं।

### सामूहिक कार्यों पर दें जोर

इससे संगठन में लोग भी जुड़ेंगे और जजपा के साथ मिलकर प्रदेश के विकास कार्यों में भागीदार बनेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता गांव व शहर के वार्ड में सामूहिक कोर्यों को अधिक से अधिक करवाएं ताकि हर व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके। जजपा प्रदेश संगठन सचिव विजय सिंह गोठड़ा ने कहा कि पार्टी के सदस्यता अभियान की समीक्षा की गई है। उन्होंने बताया कि सदस्यता अभियान का करीबन 70 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। इसके अलावा संगठन को गांव, वार्ड व बूथ स्तर पर ओर अधिक मजबूत बनाने बारे भी विचार विमर्श किया गया है। गोठड़ा ने बताया कि 30 जनवरी तक सभी प्रकोष्ठों का गठन करने की सहमति भी बनी है। उन्होंने बताया कि पार्टी की तरफ से बूथ योद्धा का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके अलावा महिलाओं की राजनीति में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए तथा 27 जनवरी को बवानीखेड़ा कस्बा के मंढ़ाणा, सुई, नाथुवास व खरक में होने वाले उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के कार्यक्त्रमों की रूपरेखा तैयार करने के लिए इन बैठकों में विचार.विमर्श किया गया। गोठड़ा ने बताया कि जजपा में महिलाओं की सुनिश्चित करने के लिए विधायिका नैना चौटाला समय.समय पर मीटिंगें व जनसभाएं कर महिला राजनीति की समीक्षा भी कर रही है। इस अवसर पर पार्षद ईश्वर मान,जगबीर धनाना, राजबीर तालु आदि आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस में जताई आस्था

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहल



बहल। ओबरा गांव में जनसभा में महेन्द्र गोकलपुरा व पूर्व चेयरमैन रतन सिंह गोकलपुरा को पटका पहनाते हुए कुमारी शैलजा व किरण चौधरी।

जननायक जनता पार्टी को उस समय बड़ा झटका लगा जब पार्टी के कई अहम पदों पर रहे युवा नेता महेन्द्र गोकलपुरा ने पार्टी को अलविदा कहकर कांग्रेस का दामन थाम लिया। महेन्द्र गोकलपुरा ने ओबरा गांव में हुई जनसभा में कांग्रेस नेता कुमारी शैलजा व पूर्व केबिनेट मंत्री किरण चौधरी के नेतृत्व में अपने समर्थकों सहित कांग्रेस पार्टी ज्वाइन की।

महेन्द्र गोकलपुरा के पिता रतनसिंह ब्लॉक समिति के पूर्व चेयरमैन रह चुके हैं। वे लंबे समय तक इनेलो पार्टी के कार्यकर्ता रहे हैं। वहीं, महेन्द्र गोकलपुरा जजपा के हलकाध्यक्ष रह चुके हैं। वे पिछले कुछ समय से पार्टी कार्यक्त्रमों से दूरी बनाए हुए थे तभी से उनका पार्टी छोडऩे बारे कयास लगाए जा रहे थे। शनिवार को कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत प्रदेश में निकाली जा रही कांग्रेस संदेश यात्रा के ओबरा गांव में पहुंचने पर महेन्द्र गोकलपुरा ने समर्थकों सहित कांग्रेस नेता कुमारी शैलजा व पूर्व मंत्री किरण चौधरी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी में आस्था जताई। कुमारी शैलजा व किरण चौधरी ने महेन्द्र गोकलपुरा व उनके पिता रतनसिंह को कांग्रेस का पटका पहनाया।

## भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में सुंदरकांड पाठ करवाया



**भिवानी।** भगवान श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में छोटी कांशी भिवानी के विभिन्न मंदिरों में दूसरे दिन मंगलवार को भी धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन कर भगवान राम की स्तुति की गई। इसी कड़ी में स्थानीय जैन चौक गोस्वामी लालदास मंदिर में गोस्वामी लालदास मैमोरियल ट्रस्ट जैन चौक द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया। इसके उपरांत प्रसाद भी वितरित किया गया। कार्यक्रम में महाराज कृष्णानंद सरस्वती सान्निध्य का रहा। सुंदरकांड पाठ के दौरान महाराज कृष्णानंद सरस्वती की सुशिष्या साध्वी निष्ठानंद ने भक्तों को संगीतमय प्रस्तुति के साथ सुनाया। ये जानकारी ट्रस्ट के पदाधिकारी गणपतराय जसुजा ने दी। साध्वी निष्ठानंद ने कहा कि भगवान राम की उपाधि मर्यादा की है, मानवीय मूल्यों पर वही खरा उतरता है, जो मानवीय मयार्दा के पटल पर उज्ज्वल होता है। इस अवसर पर धर्मपाल वधवा, सुशील सरदाना, गणपत राज जसूजा, तरूण जसूजा, आदित्य जसूजा, सक्षम लूथरा, राज रहेजा, गोणू, अनिल आदि मौजूद रहे।

## श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर नगर में हुआ कीर्तन

**भिवानी।** बाग कोठी गली नंबर चार में श्रीरामलला की अयोध्यापुरी में प्राणा प्रतिष्ठा के अवसर पर भजन कीर्तन, पूजन व भंडारे का आयोजन किया। कार्यक्रम में भाजपा विधायक घनश्याम सर्राफ व उसकी पत्नी प्रेमलता, व्यापार मंडल के अध्यक्ष जेपी कौशिक, सतनारायण कौशिक ने भगवान श्रीराम की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर प्रसाद का वितरण किया। विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि लंबे संघर्ष के बाद हिंदुत्व की जीत हुई है। श्रीराम जन्मभूमि पर अनेक लोगों ने कुर्बानियां दी हैं, उस पावन धरा पर आज हमारे भगवान श्रीरामचंद्र जी की प्राण प्रतिष्ठा होना अपने आप में एक गौरव की बात है।

## रविता ने गांव कुंगड़ में चलाया घर-घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस अभियान



**भिवानी।** घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस अभियान के तहत समाजसेवी एवं पूर्व जिला पार्षद रविता सतबीर रतेरा ने गांव कुंगड़ में महिलाओं से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना और कांग्रेस सरकार बनने पर उनके हितों के लिए बनाई गई योजनाओं से अवगत करवाया। रविता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है, इसलिए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में आगामी चुनाव में महिलाओं के लिए संकल्प रखे गए है, जिन्हें कांग्रेस की सरकार बनने पर पहली कलम से पुरा किया जाएंगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी महिलाओं को रोजगार देने और उन्हें सुरक्षा देने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रही है। कांग्रेस पार्टी हर वर्ग की बराबरी में विश्वास रखती है, इसलिए ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को संगठन से जोड़ा जा रहा है, ताकि पार्टी संगठन में वो पुरूषों के समान भागीदारी कर सके। रविता ने कहा कि भाजपा सरकार में बढ़ती महंगाई ने महिलाओं के रसोई का बजट बिगाड़कर रख दिया है, आटा-सब्जी से लेकर रसोई गैस तक कि कीमतों ने आम आदमी को परेशान करके रख दिया है।

# वैश्य स्कूल में 251 दीप जलाए

- फूल माला अर्पित कर राम प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी



भिवानी। रामलला प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम के दौरान दीप जलाते हुए।

वैश्य इंटरनेशनल विद्यालय के प्रांगण में 251 दीप प्रज्जवलित कर व फूल मालाओं के साथ रामलला प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम मनाया गया।

इसके अंतर्गत स्कूल प्राचार्य करतार सिंह जाखड़ जो एक प्रतिष्ठित लेखक हैं, जिन्होंने स्वंय बाल्मिकी रामायण का अंग्रजी गध में अनुवाद करके श्री राम के प्रति अपनी श्रद्धा अर्पित की है। इस अवसर पर उन्होंने अपनी पुस्तक की एक प्रति पुस्तकालय के लिए अर्पित की । इस अवसर पर समस्त श्रोतागण को श्री रामलला के जीवन के महत्व को बताकर कार्यक्रम का आयोजन किया । दीप व मालाओं के साथ.साथ राम जी की आरती की गई तथा उन्हें याद करते हुए बुराई पर अच्छाई की विजय को दर्शाते हुए बताया कि विपत्ति चाहे कितनी भी बड़ी हो हमें धैर्य से काम लेना चाहिये । सभी शिक्षकों नें भगवान श्री राम के चरणों में फूल अर्पित कर उनका आशीर्वाद लिया और जीवन में सत्य के राह पर चलने का प्रण किया । श्री राम प्राण प्रतिष्ठा के इस शुभ अवसर पर प्रधानाचार्य ने बच्चों की, शिक्षक गण व स्कूल के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया

## सेंट जेवियर्स हाई स्कूल में मनाया श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव



**भिवानी।** रामलला अयोध्या के राम मंदिर में विराजमान हो चुके हैं। पूरे विधि-विधान से रामलला के प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान को संपन्न किया। राम मंदिर के इस भव्य उद्घाटन को देशभर में त्यौहार की तरह मनाया गया। इसी प्रकार सेंट जेवियर्स स्कूल में सर्वप्रथम एक स्पेशल असेंबली का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम राम परिवार के समक्ष दीप प्रज्वलित किए गए और कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम में मुख्यतिथि के रूप में स्कूल प्रबंधक मनीष सिंह, स्कूल निर्देशिका कीर्ति चौहान व प्राचार्य मुस्तफा माजिद रहे। कार्यक्रम में राम मंदिर के उद्घाटन के साथ अयोध्या राम मंदिर पर आधारित असेंबली हनुमान चालीसा व राम स्तुति के रूप में प्रारंभ की गई। हनुमान चालीसा कोयल ग्रुप के द्वारा मधुर आवाज में गाई गई। राम स्तुति छात्रा अक्षिता व प्रज्ञा ने मधुर कंठ के द्वारा सुनाई गई। विद्यालय के बच्चे राम, सीता व लक्ष्मण के रूप में आए।

# सुभाष चन्द्र बोस को नमन

- वैश्य महाविद्यालय भिवानी की एनसीसी इकाई द्वारा एनसीसी कैडेट्स द्वारा सफाई अभियान चलाकर एवं सेल्फ डिफेंस के गुर सिखकर मनाया पराक्रम दिवस।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी



भिवानी। आयोजित शिविर में आत्मरक्षा के गुर के बारे में जानकारी देते कैडेटस।

पराक्रम दिवस 23 जनवरी को भारत में मनाया जाता है। भारत सरकार द्वारा 2021 में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125 वीं जयन्ती से पहले इस दिवस को पराक्त्रम दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की गयी थी। यह दिन नेताजी की अदम्य भावना और राष्ट्र के प्रति निस्वार्थ सेवा के सम्मान और उन्हें याद करने के लिए दिन मनाया जाता है। हमें उनके विचारों पर चलने की जरूरत है। उनका व्यक्तित्व समाज के लिए आज भी काफी प्रासंगिक है। सुभाष चन्द्र बोस के विचारों को अपनाने का संकल्प उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी यह बात वैश्य महाविद्यालय भिवानी की एनसीसी इकाई द्वारा पराक्रम दिवस के अवसर पर एनसीसी कैडेट्स द्वारा चलाए गए सफाई अभियान एवं सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए वैश्य महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.संजय गोयल ने कही। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के उपलक्ष में एनसीसी कैडेट्स को सेल्फ डिफेंस के गुण सीखने का अभिप्राय यही था कि लड़कियां अपनी हिफाजत अच्छी प्रकार से करें और अपने को किसी भी प्रकार से शारीरिक मानसिक रूप से कमजोर ना समझे।

## नवनिर्मित हनुमान मंदिर में हवन किया

**भिवानी।** गांव मुंढालकलां के धर्म प्रांगण क्षेत्र में नवनिर्मित हनुमान मंदिर में हवन-यज्ञ के साथ बाबा बजरंगबली की मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया। हवन-यज्ञ में मुख्य यजमान की भूमिका गांव कुड़ल निवासी न्यायाधीश ईश्वरदत्त शर्मा व मोहित मेहराणा एसडीएम हांसी ने मनोयोग व निष्ठापूर्वक निभाई। सत्संग में भजन मंडली द्वारा बाबा बजरंग बली के मनमोहक भजनों की प्रस्तुती देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मंदिर में भंडारे का आयोजन किया, जिसमें रामकुमार भारद्वाज, राजकुमार शर्मा, रामप्रताप फोगाट, जोगिंद्र फोरमैन, इंस्पेक्टर रामकुमार ढुल, इंस्पेक्टर ऋशिराम शर्मा, एडवोकेट राहुल भारद्वाज आदि ने सहयोग किया।

# विद्यालय मुखियाओं किया मोटिवेट

- खंड मौलिक शिक्षा अधिकारी संतोष देवी नागर ने कहा .खंड को शिक्षा में अव्वल लाकर जिले का नाम रोशन करना है

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बवानीखेड़ा



बवानीखेड़ा। बवानी खेड़ा के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में खंड के सीआरसी, डीडीओ, प्राथमिक मुखियाओं, एबीआरसी, बीआरपी की बैठक को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

बवानी खेड़ा के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में खंड के सीआरसीए डीडीओ, प्राथमिक मुखियाओं, एबीआरसी, बीआरपी की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सभी ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बैठक का आयोजन कार्यकारी खंड शिक्षा अधिकारी आनंद कुमार शर्मा के आह्वान पर किया गया और विद्यालय में पूरी व्यवस्था प्रबंधक प्राचार्या संतोष नागर द्वारा करवाया गया। मंच संचालन प्रवक्ता नवीन कुमार ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में राज्य स्तर ये विपुल कुमार व सरदार सुखविंदर सिंह व जिला स्तर से टीम में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी संतोष देवी नागर, भारत यादव ने शिरकत की। राज्य स्तर ये विपुल कुमार व सरदार सुखविंदर सिंह ने बताया कि सबसे पहले शिक्षकों को ही निपुण का ही मतलब पता होना चाहिए। उन्होंने शिक्षकों को लीडर का तमगा देते हुए बताया कि इनके बिना बच्चों के भविष्य की कल्पना ही नहीं की जा सकती।

## बापोड़ा में सूर्यकवि पंडित लखमीचंद जयंती पर सांग का आयोजन

# कलाकारों ने सरदार चापसिंह के किस्से का किया मंचन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी



भिवानी। सांग का मंचन करते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

जिले के गांव बापोड़ा में हरियाणा कला परिषद के सहयोग से आयोजित सूर्यकवि पंडित लखमीचंद जयंती पर यूपी से आये सांगी संजय मलिक ने पंडित लखमीचंद द्वारा रचित सांग सरदार चाप सिंह का मंचन किया, जिसमें मुगलकाल चित्रण कर बताया कि सरदार चाप सिंह के पिता मुगलों से लड़ते मारे जाते हैं और उनकी रियासत पर मुगल बादशाह का कब्जा हो जाता है वो मुगल चाप सिंह को अपनी सेना मे सेनापति रख लेते हैं। चापसिंह की शादी बचपन में सोमवती के साथ हो जाती है। चापसिंह सोमवती का गोना करने के लिये एक महीने की छुट्टी लेकर घर आते है और सोमवती का गोना कर लाते हैं। छुट्टी पूरी होने पर चापसिंह सोमवती को समझा बुझाकर अपनी ड्यूटी पर चले जाते हैं और छह महीने में आने का वादा कर जाते हैं। जब चापसिंह को 5 महीने हो जाते हैं तो बादशाह के पास जाता है और कहता मेरे घर पतिव्रता औरत है मैं उसको छह महीने का वादा करके आया था तो मैं छुट्टी जाना चाहता हूं। चाप सिंह की बात पर शेर खान जो बादशाह सिपासलार है आपत्ति करते तुमने ये कैसे कह दिया मेरे यहां पतिव्रता है। दोनों में जानमाल की बाजी लग जाती है और शेरखान सोमवती का पतिव्रता धर्म तोड़ने के लिये 20 दिन के समय की मोहलत लेकर महलों से चले जाते हैं। आगे अनेक घटना कर्म होते हैं शेर खान की हार होती है वो सोमवती का सत भंग नहीं कर पाता। सांगी संजय ने हुआ आनंद कबीला सारा जब सुनी थी बटेऊ के आवन की, नहा धोकर सिर करवा ले तने साजन घर जाना है प्रसिद्ध रागनी सुना दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। इस कड़ी में कल वेद प्रकाश अत्री अपनी प्रस्तुति देंगे।

## कृष्ण राधा मंडली ने समाजसेविका निर्मला परमार को किया सम्मानित



**भिवानी।** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में गांव रेवाड़ीखेड़ा में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न झांकियां भी निकाली गई। इसके उपरांत भंडारे का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक कायारे् में बढ.चढक़र भागीदारिता निभाने वाली समाजसेविका निर्मला परमार रेवाड़ीखेड़ा को कृष्ण राधा मंडली द्वारा भगवान श्रीराम का चित्र भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर निर्मला परमार ने कहा कि रामलला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से भारतवर्ष का वषारे् पुराना सपना पूरा हुआ है, जिसके चलते देशवासियों में उत्साह व जोश का माहौल है तथा हर घर में दीपावली के त्यौहार जैसी खुशिंया मनाई गई। वही उन्होंने कृष्ण राधा मंडली का आभार जताते हुए कहा कि वे मंडली द्वारा दिए गए सम्मान के लिए आभारी तथा भविष्य में इसी तरह सामाजिक कायारे् में बढ़.चढक़र कार्य करती रहेंगी। इस अवसर पर बाला देवी, सोना देवी, संतोष देवी, सुमन देवी, बिमला देवी,पुष्पा देवी,कलावती, कमलेश, अनीता, शीला देवी आदि महिलाएं उपस्थित रहीं।

**खबर संक्षेप**

## युवा कल्याण संगठन ने नेता जी को किया नमन

**तोशाम।** मंगलवार को युवा कल्याण संगठन के संरक्षक कमल प्रधान ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर जुई मार्ग स्थित रघुवीर सिंह फार्म हाउस में नेताजी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कमल प्रधान ने कहा कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस के आदर्शों को हमें अपने जीवन में अवश्य धारण करना चाहिए, आज की युवा पीढ़ी जो नशे की तरफ बढ़ रही है, उसे नेताजी सुभाषचंद्र बोस के आदर्श ग्रहण कर उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए।

## कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत किए प्रस्तुत

**भिवानी।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति एवं सदाचारी शिक्षा समिति द्वारा विवेकानंद हाई स्कूल में नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती मनाई गई और बोस तुम्हें सलाम पखवाड़े कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बोस तुम्हें सलाम कार्यक्रम में स्कूल के कलाकार विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिससे अभिभावक विद्यार्थी एवं शिक्षक भाव विभोर हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की संचालिका सावित्री यादव ने की।

## विभिन्न स्थानों पर एक को होगी मॉकड्रील

**भिवानी।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा एक फरवरी को भिवानी के विभिन्न जगहों पर आयोजित होने वाली मॉकड्रील को लेकर मंलगवार को आपदा प्रबंधन, नई दिल्ली से कंसलटेंट ब्रिगेडियर बीएस ठाकुर ने विडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से संबंधित विभागों के अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। लघु सचिवालय स्थित विडियो कॉफ्रेंस हॉल में आयोजित विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक में वीसी के माध्यम से निर्देश देते हुए बीएस ठाकुर ने कहा कि आपदा प्रबंधन के लिए समय.समय पर मॉकड्रील की जाती है ताकि किसी भी प्राकृतिक आपदा या आगजनी की घटनाओं के दौरान पीड़ित लोगों को तुरंत प्रभाव से राहत प्रदान की जा सके।

## आत्मनिर्भर बनाने को ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण शुरू

**चरखी दादरी।** ग्रामीण विकास मंडल द्वारा चिड़िया गांव में ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया। ग्रामीण विकास मंडल द्वारा राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक(नाबार्ड)की सहभागिता में संचालित प्रशिक्षण में विभिन्न स्वयं सहायता समूहों की 30 चयनित महिलाएं भाग ले रही हैं। मंडल सचिव सुनील कुमार ने बताया कि नाबार्ड के सूक्ष्म उद्यमिता विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत 15 दिन के प्रशिक्षण में शिक्षित युवा महिलाओं को ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण के अतिरिक्त भविष्य में अपना काम शुरू करने के लिए बैंक ऋण भी मिल सकता है।

## सनातनी दीपावली में दीप जलाकर मनाई खुशी

**भिवानी।** मां शाकंभरी देवी शौरेवाला मंदिर में सनातनी दीपावली का भव्य तरीके से आयोजन किया। इस अवसर पर भक्तों ने दीपो की रंगोली, आतिशबाजी व भव्य आरती का आयोजन कर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर खुशी मनाई। भक्तों ने मंदिर के प्रांगण में दीप जलाकर पंडित प्रदीप भारद्वाज कांटीवाला के सान्निध्य में गीत व भजन संध्या का आयोजन किया।

## सांकेतिक हड़ताल को लेकर गेट मीटिंग की

**लोहारू।** विभिन्न मांगों को लेकर 24 जनवरी के होने वाली रोडवेज सांझा मोर्चा की सांकेतिक हड़ताल को लेकर सोमवार को लोहारू रोडवेज सब डिपो परिसर में गेट मीटिंग का आयोजन किया गया। सांझा मोर्चा के रमेश लांबा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक का संचालक प्रधान सुरेंद्र ढाणी टोडा ने किया। संयुक्त बयान में उन्होंने बताया कि लोहारू सब डिपो में 24 तारीख को पूर्ण रूप से चक्का जाम रहेगा। सुरेंद्र ढाणी टोडा ने बताया सरकार के साथ कई दौर की बातचीत हो चुकी है जिसे सरकार ने कुछ मांगो पर सहमति जताई थी।

### जिलेभर में धूमधाम से मनाई सुभाषचंद्र बोस की जयंती

# युवा पीढ़ी को नेताजी के जीवन से लेनी चाहिए प्रेरणा : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि नेता जी सुभाष चंद्र बोस का देश की आजादी में अहम योगदान रहा। उन्होंने आजादी के लिए जीवन दांव पर लगा दिया। उनका योगदान हमेशा याद रहेगा। उन्होंने युवाओं से नेता जी सुभाष चंद्र बोस के जीवन से प्रेरणा लेकर चलने का आहवान किया। वे मंगलवार को अपने कार्यालय में नेता जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करने के बाद एकत्रित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज हम देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले व शहीदों की शहादत की बदौलत आजादी की सांसे ले रहे है। शहीदों व महापुरुषों की स्मृति में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना चाहिए। साथ ही आज की युवा पीढ़ी को नेताजी के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए तथा देश सेवा में योगदान देने का आहवान किया।



भिवानी। सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर पुष्प अर्पित करते विधायक घनश्याम सर्राफ।

### ढाणी माहू में मनाया सुभाष चंद्र बोस का जन्मदिवस

मंगलवार को क्षेत्र के गांव ढाणी माहू में ग्रामवासियों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्मदिवस सम्मानपूर्वक तरीके से मनाया। जिसकी अध्यक्षता कामरेड सुखबीर सिंह ने की और महेंद्र सिंह कटारिया तोशाम ने माल्यार्पण किया। इस दौरान गांव के अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। इस मौके पर एसयूसीआई कम्युनिस्ट जिला कमेटी भिवानी सचिव कामरेड रोहतास सिंह ने कहा कि नेताजी को याद करना कोई मूर्ति पूजा करना नहीं है हम नेताजी के विचार ग्रहण कर आमजन में फैलाना ही अपना असली नेताजी को सम्मान देना मानते हैं। उन्होंने बताया की नेताजी ने कहा था कि विद्यार्थी जीवन में मैं समझ पाया था कि देश की जनता की दुश्मन ईस्ट इंडिया कंपनी को देश से बाहर करना ही अपना कर्तव्य था लेकिन आगे चलकर जब अध्ययन किया तो समझ पाया कि अगर ईस्ट इंडिया कंपनी की जगह भारत का टाटा बिरला सत्ता पर कब्जा कर गया तो एक क्त्रांति और करनी होगी जो किसान मजदूर की समाजवादी क्त्रांति होगी। इस मौके पर राजेश पूनिया, दीप कुमार, सुरेश बड़सरा,बलवान धतरवाल, विनोद कुमार, फूल सिंह दूल्हेड़ी, फतेह सिंह निगाना कला आदि सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।





भिवानी। एनएसएस कैंप के समापन पर स्वयंसेवक। फोटो:हरिभूमि

## बीएसएन स्कूल में सुभाषचंद्र बोस को श्रद्धा सुमन अर्पित

**चरखी दादरी।** बाल शिक्षा निकेतन वमा विद्यालय सांवड में एनएसएस कैंप के समापन के दौरान सुभाषचंद्र बोस की जयंती मनाई गई। इस उपलक्ष पर विद्यालय निदेशक शिवकुमार भारद्वाज ने सुभाषचंद्र बोस के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नेताजी का जन्म 23 जनवरी 1897 को उड़ीसा के कटक नगर में हुआ। देश की आजादी के दौरान जो आंदोलन हुए उनमें भाग लिया एवं आजाद हिंद फौज की स्थापना की। देश की आजादी में आजाद हिंद फौज द्वारा महत्वपूर्ण योगदान दिया गया। दुर्भाग्यवश 18 अगस्त 1945 को एक विमान दुर्घटना के दौरान नेताजी का देहांत हो गया। उन्होंने ने बच्चों को नेताजी के अनुशासित देशभक्ति से भरे जीवन से प्रेरित होने के लिए आग्रह किया। इस अवसर पर प्रबंधक विकास भारद्वाज, कोऑर्डिनेटर जितेंद्र कुमार, महेश परमार, रविंद्र, मुकेश, सुरेश, पूनम परमार आदि उपस्थित थे।



### किसान सभा ने नेताजी सुभाषचन्द्र बोस को किया नमन

**भिवानी।** अखिल भारतीय किसान सभा ने गांव धनाना में मिलवान पाना परस में महान स्वतन्त्रता सेनानी नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की 137वीं जयन्ती मनाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान नेता रणधीर सिंह धीरा ने की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए किसान सभा के जिला प्रधान रामफल देशवाल व उपप्रधान कामरेड ओमप्रकाश ने कहा कि नेताजी सुभाषचन्द्र बोस ने देश की आजादी के लिए 1920 में आईसीएस नौकरी को ठुकराकर अंग्रेजों के विरुद्ध जबरदस्त आन्दोलन किया था। वे वामपंथी, प्रगतिशील व समाजवादी विचारधारा के वाहक थे, उन्होंने सिंगापुर जाकर आजाद हिन्द फौज को मजबूत किया, उसमें महिलाएं भी शामिल थी। कैप्टन लक्ष्मी सहगल ने अपनी डॉक्टरी छोड़कर आजाद हिन्द फौज की झांसी रेजिमेन्ट का नेतृत्व किया था।



भिवानी। सुभाषचंद्र बोस के चित्र पर पुष्प अर्पित करते अतिथि। फोटो :हरिभूमि

### क्रांतिकारी नेता थे सुभाषचंद्र बोसः फौगाट

*चरखी दादरी। तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा और जय हिन्द जैसे नारों से आजादी की लड़ाई को नई ऊर्जा देने वाले नेताजी सुभाषचंद्र बोस को 128वीं जयंती पर एचडी पब्लिक स्कूल में याद किया गया। केंद्र सरकार ने 2021 से इसे पूरे देश में पराक्रम दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया है। नेताजी की जीवनी और कठोर त्याग हम सबके लिए प्रेरणादायक है। नेताजी सुभाषचंद्र बोस भारत के उन महान स्वतंत्रता सेनानियों में शामिल हैं, जिनसे आज के दौर का युवा वर्ग प्रेरणा लेता है। एचडी विद्यालय निदेशक बलराज फौगाट ने सुभाष जी की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित करते हुए उपरोक्त विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर बात करने लगेंगे तो कागज के पन्ने कम पड़ जाएंगे। प्राचार्या नमिता दास ने बच्चों को सुभाष चन्द्र के बारे में बताते हुए कहा कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस एक उग्र राष्ट्रवादी नेता थे, जिनकी देशभक्ति ने उन्हें भारतीय इतिहास के सबसे महान स्वतंत्रता सेनानियों में से एक बना दिया। नेताजी एक क्रांतिकारी नेता थे और वो किसी भी कीमत पर अंग्रेजों से किसी भी तरह का*

# नेताजी की तरह त्याग करे:महंत

■ शहीदों की वजह से देश के प्रत्येक नागरिक को मिला खुलकर जीने का अधिकार : चरणदास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

आजाद हिंद फौज के संस्थापक एवं महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर मंगलवार को स्थानीय हनुमान ढ़ाणी स्थित हनुमान जोहड़ी मंदिर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट द्वारा तथा बालयोगी महंत चरणदास महाराज के सान्निध्य में आयोजित कार्यक्रम में नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती के चित्र पर पुष्प अर्पित नमन किया तथा उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए समाज व राष्ट्र उत्थान में कार्य करने का संकल्प भी लिया। इस मौके पर महंत चरणदास ने कहा कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने ही सबसे पहले सेना का गठन किया था और उन्हीं के कारण आज देशवासी आजादी की हवा में सांस ले रहे हैं। हमें अपनी नौजवान पीढ़ी में स्वतंत्रता सेनानियों एवं अमर शहीदों को याद करते रहने की अलख जगाने की जरूरत है, ताकि हमारे बच्चे भी उनकी जीवनी के बारे में जान सकें। महंत चरणदास ने कहा कि हम सब उन महान लोगों की वजह से आजादी महसूस कर रहे है, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपनी न्यौछावर कर दी। उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस के जीवन से युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर ध्यानदास पुजारी, पर्यावरण प्रहरी विजय सिंहमार, मुकेश वर्मा, प्रदीप शर्मा, राघव वर्मा, ओमवीर कौशिक, विक्रांत वर्मा, प्रमोद शर्मा, मिस्त्री तूफान सिंह, रवि सैनी, मिस्त्री दिनेश, खिलना आदि मौजूद रहे।



भिवानी। नेताजी सुभाषचंद्र बोस को नमन करते महंत चरणदास व अन्य।

# सुभाषचंद्र बोस की 127 वीं जयंती मनाई

■ हलवासिया स्कूल में मनाई नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हलवासिया विद्या विहार के माध्यमिक विभाग में अभिमन्यु सदन की देखरेख में स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 127 वीं जयंती के उपलक्ष्य में पराक्रम दिवस मनाया गया।

मां सरस्वती की वंदना तथा नेताजी की प्रतिमा पर पुष्पार्पण के पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में छात्रा देविका व इशिका ने अपने भाषण के माध्यम से बताया नेताजी ने अपने असाधारण देश प्रेम, अदम्य साहस व तेजस्वी वाणी से युवाओं को संगठित कर 'आजाद हिंद फौज' का गठन किया था।



छात्रा कनिका ने अपनी कविता के माध्यम से नेताजी के प्रति अपने उद्गार व्यक्त किए। प्रशासक दीवानचंद रहेजा व प्राचार्य विमलेश आर्य ने बताया कि आज समस्त भारतवर्ष नेताजी को श्रद्धांजलि देकर उनके प्रति आभार ज्ञापित कर रहा है, निश्चय ही स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका अविस्मरणीय है। माध्यमिक विभाग प्रमुख सुवीरा गर्ग ने बताया नेताजी केवल भारत के लिए ही नहीं, अपितु पूरी दुनिया के लिए प्रेरणादायक हैं।

**ये रहे मौजद**

इस अवसर पर अभिमन्यु सदन प्रमुख सिंपल बागला, बिजयलक्ष्मी, नीतू शर्मा, कविता भाटी, मीनाक्षी अग्रवाल, पूनम तंवर, आचार्य अनिल मणि आदि उपस्थित रहे।

### नेता जी के त्याग और समर्पण को हमेशा याद रखेगा देशः वधवा

**भिवानी।** महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती भाजपा 'पराक्रम दिवस' के तौर पर मना रही है। इस मौके पर भाजपाइयों एवं ग्रामीणों ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए भाजपा नेता रीतिक वधवा ने कहा कि राष्ट्र उनके त्याग और समर्पण को हमेशा याद रखेगा, उनके अदम्य साहस और वीरता के सम्मान में पूरा राष्ट्र उनकी जयंती को 'पराक्रम दिवस' के रूप में मना रहा है। उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस का देश की स्वतंत्रता के लिए अटूट समर्पण आज भी प्रेरित करता है। इस अवसर पर रमेश चौधरी, कुलदीप दलाल, सुनील चौहान, कुलदीप नेहरा, अजय चौहान आदि उपस्थित थे।

### झुग्गी झोपड़ियों और स्लम बस्तियों में 125 जरूरतमंदों को खाद्य सामग्री वितरित की



*भिवानी। विश्व मानव रूहानी केन्द्र शाखा भिवानी द्वारा नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की जयंती व अयोध्या में आयोजित श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य जांच शिविर एवं जरुरतमंदों को भोजन वितरण किया गया। शिविर में संस्था के सदस्य अजमेर सिंह, रोहताश कुमार, उल्फत सिंह, रामकिशन, नरेन्द्र सिंह चौहान, आनंद प्रकाश, राजपाल सांगवान, ईश्वर सिंह की देख रेख में शाखा परिसर में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थितजनों ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर दो मिनट उन्हें याद करके किया। शिविर में मनत अस्पताल की निदेशक डॉ. सुनीता दुहन की अध्यक्षता में स्वास्थ्य टीम ने 82 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। इसके बाद संस्था की ओर से पार्षद सुभाष तंवर व अन्य सदस्यों ने लोहारू रोड स्थित झुग्गी झोपड़ियों व स्लम बस्तियों में 125 जरूरतमंदों को खाद्य सामग्री वितरित की। पार्षद सुभाष तंवर ने संस्था द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की और ऐसे कार्यों में हर संगठन को आगे आने का आह्वान किया।*



### किसान आंदोलन के घाव अभी हरे, 26 का ट्रैक्टर मार्च खोलेगा सरकार की आंखेंः मान

**चरखी दादरी।** पूर्व मुख्य संसदीय सचिव रणसिंह मान ने बडराई गांव में किसान कांग्रेस द्वारा घर घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस अभियान के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि लंबे समय से बाढ़ड़ा विधानसभा क्षेत्र में विधायक जरूर जीतते रहे हैं, लेकिन सच्चाई ये है कि यहां के मतदाताओं के हाथ हार ही लगी है और इलाका विकास की दृष्टि से पिछड़ता रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से 9 फरवरी को दादरी में होने वाली जनाक्रोश रैली में बढ़ चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। किसान नेता राजू मान ने कहा कि किसान आंदोलन के घाव अभी भी हरे हैं। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी को दादरी में होने वाला ट्रैक्टर मार्च सरकार की आंखें खोल देगा।

### हरियाणा में गठबंधन की नहीं बल्कि घोटालों की सरकार चल रही : हुड्डा

**भिवानी।** हरियाणा में गठबंधन की नहीं बल्कि घोटालों की सरकार चल रही है। क्योंकि रोज इस सरकार का कोई ना कोई नया घोटाला सामने आ जाता है। ये कहना है पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का। हुड्डा का आज सालासर धाम जाते हुए लोहारू समेत भिवानी के अलग.अलग इलाकों में जोरदार स्वागत हुआ। लोगों ने ढोल नगाड़े व फूल मालाओं के साथ उनका स्वागत किया। इस मौके पर हुड्डा ने पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय चौधरी बंसीलाल व पूर्व मंत्री स्वर्गीय चौधरी सुरेंद्र सिंह के समाधि स्थल पर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने चौधरी बंसीलाल द्वारा हरियाणा के उत्थान में योगदान को भी याद किया। हुड्डा ने कहा कि हरियाणा की प्रगति में चौधरी बंसीलाल का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस मौके पर पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि बीजेपी.जेजेपी सरकार अपनी जिम्मेदारियों को निभाने की बजाए लगातार घोटालों को अंजाम देने में लगी है। एफपीओ के नाम पर नया घोटाला उजागर हुआ है। इससे पहले हजारों करोड़ का खनन घोटाला, नौकरियों की खरीद.फरोख्त, शराब, सफाई, नगर निगम, बिजली मीटर खरीद, धान.बाजरा खरीद, आयुषमान योजना व अमृत योजना समेत अनगिनत घोटाले उजागर हो चुके हैं। लेकिन किसी भी मामले में ना उचित जांच हुई और ना ही किसी पर कार्रवाई।



### बहल में नेता जी जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई

*बहल। बीआरसीएम ज्ञानकुंज स्कूल की एनएसएस इकाई की ओर से नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127 वीं जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्त्रम में भाषण, कविता पाठ व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के स्वयंसेवकों ने भाग लिया। कविता पाठ में काजल पूनिया ने पहला स्थान प्राप्त किया। संस्थान निदेशक डॉ. एसके सिन्हा ने विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य राजेश झाझरिया ने स्वयंसेवकों को नेताजी सुभाष चंद्र द्वारा देशहित में दिए योगदान के बारे में बताया। प्रधानाचार्य राजेश झाझरिया, एनएसएस प्रभारी जोगेन्द्र सिंह व रेनू गाढा सहित अन्य स्वयंसेवकों ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको नमन किया।*



भिवानी। अधिकारियों के साथ समारोह स्थल का निरीक्षण करती उपायुक्त मनदीप कौर।

### गणतंत्र दिवस को लेकर अंतिम पूर्वाभ्यास आज

*चरखी दादरी। गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर नई अनाज मंडी परिसर में आज अंतिम पूर्वाभ्यास होगा, जिसमें उपायुक्त मनदीप कौर राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगी और परेड की सलामी लेंगी। पूर्वाभ्यास पर विभिन्न शिक्षण संस्थानों की सात टीमों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी जाएंगी। समारोह की तैयारियों को लेकर उपायुक्त ने मंगलवार को स्वयं मौके पर जाकर जायजा लिया और संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय पर्व है और उसी अनुसार सभी विभागों को अपनी तैयारी करनी है। बुधवार को पूर्वाभ्यास पर विभाग के सभी अधिकारी मौके पर मौजूद रहें और तैयारियों को स्वयं अंतिम रूप दें।*

## मांगों को लेकर शिक्षा मंत्री को सौंपा 20 सूत्रीय मांगपत्र

**भिवानी।** स्कूल कैडर लेक्चरर एसोसिएशन हरियाणा सलाह का एक प्रतिनिधि मंडल मंगलवार को चंडीगढ़ में शिक्षा मंत्री कंवर पाल गुर्जर स्कूल शिक्षा महानिदेशक जितेंद्र कुमार व संयुक्त निदेशक विजय यादव आदि अधिकारियों से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने लेक्चर की समस्याओं से संबंधित मांग पत्र सौंपा तथ उन्हें जल्द से जल्द पूरा करने की मांग रखी। शिक्षा मंत्री कंवर पाल गुर्जर सहित शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने सलाह के मांग पत्र पर गौर करते हुए शिक्षकों की मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। मांगपत्र सौंपने के बाद भिवानी लौटने पर जिला प्रधान बीबी गुप्ता, प्रदेश संरक्षक लीलूराम वशिष्ठ,प्रदेश सचिव देवेंद्र अत्री, जिला मीडिया प्रभारी हेमंत शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष राजबीर धारेडू ने बताया कि शिक्षकों का 20 सूत्रीय मांग पत्र शिक्षा मंत्री एवं शिक्षा विभाग अधिकारियों को सौंपा गया।

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एड्स के प्रति किया जाएगा जागरूक :शांडिल्य

*भिवानी। चौ. बंसीलाल सामान्य अस्पताल के टीबी हॉल में एड्स जागरूकता अभियान को लेकर सिविल सर्जन डॉ. रघुवीर शांडिल्य तथा उप सिविल सर्जन डॉ. सुमन विश्वकर्मा की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में उन्होंने बताया कि हरियाणा स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी पंचकुला द्वारा हंस वाहिनी कला मंच के कलाकारों द्वारा जिला भिवानी में 24 जनवरी से 8 मार्च तक अलग.अलग स्थानों एवं गावों में नुक्कड़ नाटक करके लोगों को एड्स से बचाव के लिए जागरूक किया जाएगा। सिविल सर्जन डॉ. शांडिल्य ने जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी, महिला बाल विकास अधिकारी के साथ बैठक की।*



भिवानी। स्टॉलों का निरीक्षण करते विधायक सर्राफ। फोटो :हरिभूमि

## गारंटी की गाड़ी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीब महिला, किसान व युवाओं को मजबूत करने के लिए प्रयासरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

विकसित भारत संकल्प यात्रा सोमवार को शहर में कृष्णा कॉलोनी में पंहुची। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों ने स्टाल लगाकर लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। इलाके के लोगों द्वारा यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। विधायक घनश्याम सर्राफ ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। उन्होंने कहा कि गारंटी की गाड़ी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीब, महिलाए किसान व युवाओं को मजबूत करने के लिए प्रयासरत हैं। सरकार की गारंटी की गाड़ी द्वारा वंचित पात्र लोगों को मौके पर योजनाओं का लाभ दिलवाया जा रहा है। केन्द्र व प्रदेश सरकार यह सुनिश्चित कर रही हैं कि कोई भी गरीब भूखा न रहे और सभी गरीबों को पक्का मकान मिले। सरकार लोगों के घर द्वार पर पहुंच कर उन्हें योजनाओं का लाभ दे रही है।

गुप्त व यौन रोग
गुप्त रोग, नामर्दी, शीघ्रपतन, धात, स्वप्न दोष, वीर्य/कम शुक्राणु आदि से छुटकारा पाएं।
जोश व टाईम बढ़ाएं
महिलाओं में कमजोरी, सफेद पानी, प्रेगनेंसी न होना, ब्रेस्ट क्रीम लें।
गैस, कब्ज, फैटी लीवर, भूख न लगना, शुगर, मोटापा घटाएं
ताकत का कोर्स लें Rs.550/-
पिछले 25 वर्षों से सेवारत
जुनेजा क्लीनिक
भिवानी रोजाना मिले (9am to 7pm)
9728321662
पता: 1st फ्लोर, रोहतक गेट, इण्डियन पेट्रोल पम्प के सामने, निकट सब्जी मण्डी
Facebook पर हमारे पेज, जुनेजा क्लीनिक भिवानी को Like & Share करें।